## एक नजर में

### भगवान आदिनाथ का जन्म एवं दीक्षा कल्याणक महोत्सव उत्साह से मनाया



**सीतामऊ।** सकल जैन श्री संघ द्वारा जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक एवं दीक्षा कल्याणक महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केसरिया जी आदिनाथ मंदिर, पारसनाथ मंदिर, संभवनाथ मंदिर एवं जहाज मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत सनातन पूजा एवं पंचकल्याणक पूजा का आयोजन किया गया तथा भगवान की आकर्षक अंगरचना की गई। इसके साथ ही सकल जैन श्री संघ द्वारा हंडियाबाग गौशाला में चारा, घास और फल खिलाकर जीवदया का पुण्य कार्य भी किया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज अध्यक्ष सौरभ ओसवाल, वरिष्ठ पत्रकार मोहन सिंह भंसाली, हेमंत जैन, भूपेंद्र राजगुरु, महाकाल मुक्तिधाम अध्यक्ष मुकेश चोरड़िया, केसरीया आदिनाथ ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, देवीदास बैरागी, निलेश पटवा सहित जैन समाज के अनेक वरिष्ठ श्रावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्थानक जैन समाज के वरिष्ठ श्रावक अशोक जैन ने गौशाला की सीढ़ियों पर रेलिंग लगाने की घोषणा की। वहीं आराधना भवन में प्रभु भक्ति का आयोजन भी किया गया। अंत में गौशाला अध्यक्ष संजय जाट ने सभी को गौशाला का अवलोकन कराया, जिसकी उपस्थितजनों ने सराहना की।

### नवाचार की उड़ान : कैडेट सिद्धांत मालवीय का 'वेदर वॉच' प्रोजेक्ट जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयनित

**मंदसौर।** सैनिक स्कूल मंदसौर के कैडेट सिद्धांत मालवीय (कक्षा 9) ने भारत सरकार के प्रतिष्ठित नवाचार कार्यक्रम इंस्पायर-मानक योजना (प्रेरित अनुसंधान के लिए विज्ञान में नवाचार) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इस उपलब्धि के लिए उन्हें ?10,000 की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई है। इंस्पायर-मानक योजना का उद्देश्य देशभर के स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है, ताकि विद्यार्थी अपनी कल्पनाओं को उपयोगी वैज्ञानिक परियोजनाओं के रूप में विकसित कर सकें। यह योजना छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करती है। कैडेट सिद्धांत मालवीय द्वारा तैयार किया गया प्रोजेक्ट 'वेदर वॉच' एक छोटा और पोर्टेबल मौसम केंद्र है, जिसमें 5 मूलभूत सेंसर लगाए गए हैं। यह उपकरण इन सेंसरों की सहायता से 8 से अधिक मौसम संबंधी मानकों जैसे तापमान, आर्द्रता, वायु दाब आदि का विश्लेषण कर सकता है और भविष्य के मौसम की स्थिति का सरल, स्पष्ट और समझने योग्य तरीके से पूर्वानुमान भी प्रदान करता है। यह परियोजना कृषि, शिक्षा और सामान्य जनजीवन के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो सकती है, क्योंकि इसकी सहायता से स्थानीय स्तर पर मौसम की जानकारी आसानी से प्राप्त की जा सकती है।

### नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को लगेगी करदाता नगरपालिका में आकर कर जमा करावे पेनल्टी में छूट का लाभ लें

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर न.पा. उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला सीएमओ प्रेम कुमार सुमन, राजस्व सभापति श्रीमती कौशल्या प्रहलाद बंधवार राजस्व अधिकारी मंगेश राव नवले ने बताया कि दिनांक 14 मार्च शनिवार को विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगरपालिका कार्यालय परिसर में होने जा रहा है प्रात: 10:30 से सायं 5:30 बजे तक नगरपालिका कार्यालय परिसर में आकर करदाता अपना बकाया कर जमा कर सकेंगे जिन भी करदाताओं का संपत्ति कर समेकित कर स्वच्छता कर एवं जलकर बकाया है वह निर्धारित तिथि व समय पर आकर कर जमा करावे और शासन के निर्देशानुसार पेनल्टी में छुट का लाभ प्राप्त करें।

# 120 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ा इंजन

**मल्हारगढ़-मंदसौर नए ट्रैक पर हाईस्पीड ट्रायल सफल**




**जेपी तलवार/ पिपलिया स्टेशन**

रतलाम-नीमच रेलखंड पर मल्हारगढ़ से मंदसौर के बीच लगभग 24 किलोमीटर लंबे रेलवे दोहरीकरण कार्य के पूरा होने के बाद बुधवार को नए ट्रैक पर हाईस्पीड ट्रायल (गति परीक्षण) सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ट्रायल के दौरान इंजन को 120 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ाया गया। इंजन सुबह 9.24 बजे मंदसौर स्टेशन से रवाना हुआ और निर्धारित समय से पहले ही करीब 21 मिनट से कम समय में मल्हारगढ़ स्टेशन पहुंच गया। ट्रायल सफल रहने के बाद अब इस नए ट्रैक पर जल्द ही नियमित ट्रेनों के संचालन का रास्ता साफ हो गया है। रेलवे सूत्रों के अनुसार ट्रायल के दौरान सुरक्षा और तकनीकी मानकों की बारीकी से जांच की गई। इंजन के साथ एक कोच लगाया गया था और पूरे मार्ग पर ट्रैक की स्थिरता, सिग्नलिंग व्यवस्था, स्पीड क्षमता तथा अन्य तकनीकी पहलुओं का परीक्षण किया गया। हाईस्पीड ट्रायल सफल रहने पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। इससे पहले मंगलवार को कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) ई. श्रीनिवास ने रतलाम मंडल के अधिकारियों के साथ मोटर ट्रॉली के माध्यम से मल्हारगढ़, पिपलिया स्टेशन और मंदसौर के बीच ट्रैक का विस्तृत निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रैक की गुणवत्ता, रेलवे क्रॉसिंग, पुल-पुलियों और सुरक्षा से जुड़े अन्य पहलुओं की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान स्टेशनों पर लगाए गए नए अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, सिग्नलिंग व्यवस्था और इंटरलॉकिंग सिस्टम को भी देखा गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इन प्रणालियों के संचालन के लिए तैनात कर्मचारियों को पूरी तरह प्रशिक्षित किया जाए ताकि भविष्य में ट्रेनों के संचालन के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी समस्या न आए। रतलाम रेलवे मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि ट्रैक का हाईस्पीड ट्रायल सफल रहा है और सीआरएस की रिपोर्ट मिलने के बाद इस खंड पर ट्रेनों के संचालन की अनुमति मिल गई है। उन्होंने बताया कि आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जल्द ही इस ट्रैक पर नियमित रेल यातायात शुरू कर दिया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार मल्हारगढ़-मंदसौर रेलखंड के दोहरीकरण से इस मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुगम और तेज होगी। इससे मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों के संचालन में भी सुविधा मिलेगी तथा भविष्य में ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की संभावना भी मजबूत होगी। दोहरीकरण से रतलाम-नीमच रेलखंड पर रेल यातायात का दबाव कम होगा और यात्रियों को बेहतर रेल सुविधा मिल सकेगी।



### पीएससी पर डॉक्टरों की उपस्थिति अनिवार्य, अनुपस्थित पर होगा निलंबन : कलेक्टर

**मंदसौर। कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित स्वास्थ्य, मेडिकल कॉलेज और महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।**

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएससी) पर ओपीडी में पदस्थ डॉक्टर, मेडिकल ऑफिसर और सीएचओ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। बिना सूचना अनुपस्थित पाए जाने पर सीधे निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक ओपीडी की लाइव मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

बैठक में एचपीवी टीकाकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और आमजन भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें। स्वास्थ्य विभाग को जनजागरूकता अभियान चलाने और स्कूलों में पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग के माध्यम से अभिभावकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के एएनसी रजिस्ट्रेशन, एनीमिया नियंत्रण, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान तथा कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही एंबुलेंस व्यवस्था, समग्र आईडी अपडेट और विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों की भी समीक्षा की गई।



### एचपीवी टीकाकरण में सिविल अस्पताल शामगढ़ ने किया सराहनीय कार्य

**मंदसौर।** जिले में चल रहे HPV टीकाकरण अभियान के अंतर्गत सिविल अस्पताल शामगढ़ में आज बड़े स्तर पर टीकाकरण किया गया। इस अभियान में बालिकाओं ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया और बड़ी संख्या में टीकाकरण करवाया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पूरे दिन व्यवस्थित रूप से टीकाकरण किया गया, जिससे बालिकाओं और उनके अभिभावकों में जागरूकता भी देखने को मिली।

HPV वैक्सीन बालिकाओं को भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से लगाई जा रही है। अभियान के दौरान अस्पताल के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने बालिकाओं को वैक्सीन के महत्व के बारे में जानकारी भी दी और अभिभावकों को इसके लाभ समझाए। बड़ी संख्या में बालिकाओं को वैक्सीन लगाकर अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल की है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह के स्वास्थ्य अभियानों को लगातार चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक बालिकाओं को सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य प्रदान किया जा सके। स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की प्रशंसा की।

**एक नजर** — मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए ग्रामीण चार्ज अधिकारियों को दिया गया

## जनगणना 2027 के द्वितीय चरण का जिला स्तरीय प्रशिक्षण



**मंदसौर।** भारत की आगामी जनगणना 2027 के सफल संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले में द्वितीय चरण का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण ई-दक्ष केंद्र के कम्प्यूटर लैब में आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के चार्ज अधिकारियों को मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना के जिला प्रभारी श्री अभिषेक ठाकुर द्वारा अधिकारियों को जनगणना की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली एवं प्रथम चरण में किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि आगामी जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा, जिसके लिए नगरीय और ग्रामीण स्तर पर चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है। इन अधिकारियों को जिला स्तर पर चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि जनगणना का कार्य सुचारू और व्यवस्थित रूप से संपन्न किया जा सके।

प्रशिक्षण के दौरान जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर एकता जायसवाल सहित अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं चार्ज जनगणना अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जनगणना लिपिक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। द्वितीय चरण के इस प्रशिक्षण में जिला जनगणना पुस्तिका से संबंधित जानकारी के साथ-साथ सीएमएमएस (ष्ट्रूस्) पोर्टल पर हैंड्स-ऑन अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, ग्राम निर्देशिका एवं नगर निर्देशिका अनुसूची, प्रक्रिया प्रवाह तथा जनगणना से जुड़ी विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई।

अभिषेक ठाकुर द्वारा एमएमएस पोर्टल पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण देते हुए प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की सूची को एक्सेल के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड करने तथा उनके नियुक्ति आदेश जारी करने की प्रक्रिया भी विस्तार से समझाई गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएं, जिससे जनगणना 2027 के प्रथम चरण के कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सकें।

---

## नीमच

## एक नजर में

### बिजली के तारों से निकली चिंगारी ने लिया आग का रूप, खड़ी गेहूं की फसल को भारी नुकसान



**मनासा।** क्षेत्र के ग्राम हतुनिया निवासी उमेश पिता छगनलाल व्यास के खेत में बुधवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार उमेश व्यास का खेत आमद खेड़ी में स्थित है, जहां तेज हवा के चलते बिजली के तार आपस में टकरा गए और उससे निकली चिंगारी के कारण खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। बताया जा रहा है कि खेत में गेहूं की कटाई का कार्य भी चल रहा था, इसी दौरान अचानक आग भड़क उठी जिससे काफी नुकसान हो गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यदि समय रहते ग्रामीण आग पर काबू नहीं पाते तो बड़ा नुकसान हो सकता था। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में बिजली के ढीले तारों की समस्या को लेकर कई बार बिजली विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द ढीले तारों को ठीक किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

### जिला न्यायालय परिसर से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन हुए रवाना



**नीमच।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय नीमच तथा तहसील न्यायालय मनासा, जावद एवं रामपुरा में किया जाना हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से बुधवार 11 मार्च 2026 को नवीन जिला न्यायालय परिसर, नीमच से माननीय विशेष न्यायाधीश श्री आलोक कुमार सक्सेना द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रचार-प्रसार वाहनों को रवाना किया गया। उक्त प्रचार वाहनों के माध्यम से लाउड स्पीकर द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों एवं आमजन को होने वाले लाभों के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही प्रचार-प्रसार वाहनों पर पैरालीगल वॉलिंटियर्स द्वारा लोक अदालत से संबंधित पैम्फलेट का वितरण भी किया जाएगा। यह प्रचार रथ जिले के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण रखने हेतु प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत राकेश कुमार शर्मा, जिला न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार बाजोलिया, रश्मि मिश्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि कुमार बोरासी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शोभना मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट विशाल खाड़े, अंकित जैन, अभय प्रतापसिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी प्रवीण कुमार तथा विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बच्चा चोर के शक में 5 को पुलिस ने पकड़ा

- पांचों से गहन पूछताछ एवं दस्तावेज की जांच की गई




**रामपुरा। कई महीनों से किसी बच्चे की चोरी की घटना जिले में नहीं हुई है पर, हाल के दिनों में बच्चा चोरी की अफवाह उड़ने लगी हैं. इसका शिकार हमारे समाज के अर्द्ध विक्षिप्त महिला-पुरुष होने लगे हैं. कुछ जगहों पर लोगों ने उनकी पिटाई कर जख्मी कर दिया, तो कुछ जगहों पर सुलझे लोगों ने इस मामले में पुलिस की मदद ली.**

गत 8 मार्च रामपुरा नगर के भोई मोहल्ले में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें एक छोटा बच्चा रोड पर खेल रहा था वहीं से तीन नकाबपोश औरतें बच्चों के पास संदेहस्पद गतिविधियों को अंजाम देते वायरल हो रहे वीडियो में नजर आई जिसको लेकर सोशल मीडिया पर बच्चा चोरी से संबंधित वीडियो तेजी से वायरल हुआ जिसके चलते लोगों में डर एवं दहशत का माहौल निर्मित हो गया इसी कड़ी में 9 मार्च की शाम पुराना बस स्टैंड पर वायरल हो रहे वीडियो में संदेहस्पद महिलाएं घूमती फिरती नजर आई जिससे लोगों ने वीडियो के माध्यम से पहचान एवं आक्रोशित भीड़ द्वारा उनका घेराव कर लिया समय रहते रामपुरा पुलिस मौके पर पहुंची एवं स्थिति को संभालते हुए तीनों महिलाएं एवं दो पुरुषों को मौके से हिरासत में लेकर स्थिति को संभाल कर 5 लोगों को थाने में ले जाकर गहन पूछताछ एवं दस्तावेज की जांच की गई इसके इसके दौरान सोशल मीडिया पर अफवाहों का बाजार गरम होता जा रहा है.

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार 9 तारीख की शाम पुलिस को सूचना मिली कि तीन बच्चा चोर औरतों को भीड़ द्वारा पकड़ लिया गया है पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत मौके पर पहुंच कर भीड़ को शांत कर संदेह के आधार पर तीन महिलाएं एवं दो पुरुष को पकड़ा है। पिंकी - पति सुबरन उम्र 25 निवासी नलखेडा आगर जाती नट, सपना पति महेश उम्र 35 निवासी सदर जाती नट, जशोदा पति बिलास जाती नट उम्र 25 साल निवासी सदर, अंकित पिता महेश नट उम्र 17 वर्ष निवासी सदर, रोहित पिता सुबरन नट उम्र 19 साल निवासी सदर को गिरफ्तार कर गहन पूछताछ एवं दस्तावेजों की छानबीन के बाद संदेह की स्थिति को देखते हुए पांचो अभियुक्त पर भारतीय दंड संहिता की धारा 151 में कार्रवाई कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

थाना प्रभारी विपिन मसीह द्वारा आमजन को बताया गया है कि जिले में अभी तक बच्चा चोरी की कोई घटना प्रकाश में नहीं आई है ऐसे मामलों में अगर आपके आसपास क्षेत्र में अगर कोई संदेश पद व्यक्ति या महिला पर शक लगता है तो तुरंत पुलिस को सूचना करें कानून अपने हाथ में लेने से बच्चे आपकी सतर्कता ही आपकी सुरक्षा है।





### मूंगफली के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही 14 किलो अफीम जब्त

**नीमच।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो कोटा की टीम ने नीमच में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 14 किलो 300 ग्राम अवैध अफीम जब्त की है। यह कार्रवाई महू-नीमच रोड स्थित भाटखेड़ा चौराहे के पास की गई, जहां बाइक से अफीम की तस्करी की जा रही थी।

सीबीएन को पहले से खुफिया सूचना मिली थी कि भाटखेड़ा चौराहे से मल्हारगढ़ की ओर एक मोटरसाइकिल के जरिए अवैध अफीम ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर चित्तौड़गढ़-2 डिवीजन के अधिकारियों की एक विशेष टीम गठित कर संदिग्ध मार्गों पर निगरानी शुरू की गई।

निगरानी के दौरान टीम ने बताए गए हुलिए की एक मोटरसाइकिल को भाटखेड़ा चौराहे के पास रोका। वाहन पर सवार दोनों व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर टीम ने बाइक और उनके सामान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बैग में ऊपर मूंगफली भरी हुई थी, जबकि उसके नीचे 10 अलग-अलग पैकेटों में अवैध अफीम छिपाकर रखी गई थी। जांच में इन पैकेटों से कुल 14 किलो 300 ग्राम अफीम बरामद की गई।

कार्रवाई के बाद सीबीएन अधिकारियों ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए बरामद अफीम और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। साथ ही बाइक पर सवार दो आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

**एक नजर** — मणिपुर में सीआईएसएफ की कार्रवाई, जांच टीम पहुंची नीमच

## इम्फाल हवाई अड्डे पर 4 .8 किलोग्राम हेरोइन के साथ नीमच के दो युवकों को किया गिरफ्तार






**नीमच।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने बीर टिकेंद्रजीत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मध्य प्रदेश के नीमच नगर के रहवासी दो नशीले पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया, 27 फरवरी की दोपहर को एक नियमित तलाशी अभियान के दौरान उनके पास से 4.8 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई। आरोपियों को दोपहर करीब 3.42 बजे गिरफ्तार किया गया, जब वे गुवाहाटी जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (आईएक्स 1038) में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे। फ्लाइट का निर्धारित समय शाम 5:25 बजे था, लेकिन देरी के कारण यह शाम 6:09 बजे रवाना हुई।

गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान सुरेश पिता कन्हैयालाल प्रजापत उम्र 30 वर्ष और विजय सिंह पिता राजेंद्र सिंह उम्र 28 वर्ष के रूप में हुई है, दोनों नीमच नगर के उपनगर इंदिरा नगर, डाक बंगले के पीछे के निवासी हैं। अधिकारियों के अनुसार, हवाई अड्डे पर तैनात सीआईएसएफ कर्मियों ने अचानक तलाशी अभियान के दौरान दोनों को पकड़ा। गहन जांच करने पर उनके पास से 4,800 किलोग्राम हेरोइन पाउडर बरामद किया गया। ज़ब्ती के बाद, आरोपियों को जब्त किए गए सामान के साथ आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को सौंप दिया गया।

हवाई अड्डे पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों ने कहा कि इस बरामदगी से पूर्वोत्तर में संवेदनशील पारगमन बिंदुओं पर निरंतर सतर्कता पर प्रकाश डाला गया है, क्योंकि हवाई मार्गों के माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी के प्रयास बढ़ रहे हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने इस मामले को अपने हाथ में ले लिया है।

जिसके बाद एक जांच टीम नीमच पहुंची और नीमच सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुरेश पिता कन्हैयालाल प्रजापत और विजय सिंह पिता राजेंद्र सिंह के घर पर पहुंच जांच करते हुवे परिजनों से पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि नशीले पदार्थों के स्रोत और व्यापक मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क के संबंधों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।